प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 08 फरवरी, 2026 :-

(1) रामगढ़: माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार आज सिदो-कान्हू मैदान, रामगढ़ में आयोजित “सांसद सामूहिक विवाह उत्सव” में सम्मिलित हुए। उन्होंने नवविवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनके सुखमय, समृद्ध एवं उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की कामना की।

राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर वर-वधुओं एवं उनके परिजनों से भेंट कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विवाह भारतीय संस्कृति का एक पवित्र संस्कार है, जो केवल दो व्यक्तियों का ही नहीं, बल्कि दो परिवारों का भी मिलन है।

राज्यपाल महोदय ने इस पुनीत कार्य के लिए लोकसभा सांसद श्री मनीष जायसवाल को बधाई दी तथा आयोजन की सराहना की।

(2) माननीय राज्यपाल महोदय ने लोक भवन, राँची उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण हेतु पूर्व निर्धारित तिथि में विस्तार करते हुए इसे 15 फरवरी, 2026 तक खुला रखने का निदेश दिया है।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने राज्य के नागरिकों में लोक भवन, राँची उद्यान देखने के प्रति उत्साह एवं बढ़ती सहभागिता को ध्यान में रखते हुए पूर्व निर्धारित अवधि (2 फरवरी से 8 फरवरी, 2026) को आगामी एक सप्ताह के लिए विस्तारित करने का निदेश दिया है। अब लोक भवन, राँची उद्यान 15 फरवरी, 2026 तक आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन हेतु खुला रहेगा।

उद्यान भ्रमण का समय पूर्व की भाँति प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। लोक भवन उद्यान का भ्रमण करने के इच्छुक नागरिक लोक भवन के गेट संख्या 2 से सुरक्षा जाँचोपरांत अपराह्न 1 बजे तक प्रवेश कर सकते हैं।

(3) माननीय राज्यपाल महोदय ने लोक भवन, राँची उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण हेतु पूर्व निर्धारित तिथि (2 फरवरी से 08 फरवरी, 2026) में विस्तार करते हुए इसे 15 फरवरी, 2026 तक खुला रखने का निदेश दिया है।

आज 266816 लोगों ने लोक भवन उद्यान का भ्रमण एवं परिदर्शन किया। अभी तक कुल 492470 लोगों ने लोक भवन उद्यान का भ्रमण एवं परिदर्शन किया।